हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 2 जनवरी 2025

## सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत

**नागपुर :** पहली घटना कपिलनगर क्षेत्र में घटी, जहाँ राजेश बाबुलाल लांजेवार (40) और उनके साथी ठेकेदार संजय घनश्याम पराशर (42) काम के बाद घर लौट रहे थे। खसाला फाटा पर जब वे रोड क्रॉस कर रहे थे, तब एक तेज़ रफ्तार और शराब के नशे में धुत टाटा 407 गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में संजय पराशर गंभीर रूप से घायल हो गए, और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राजेश लांजेवार का इलाज अभी जारी है। कपिलनगर पुलिस ने इस मामले में आरोपी गाड़ी चालक लिलाधर सोनीराम पुराम (31) को गिरफ्तार किया है। दूसरी घटना बेलतरोडी थाना क्षेत्र में हुई। यहाँ निमेश सुखदयाल आर्या (46) अपनी ज्युपिटर स्कूटी पर सवार होकर होटल रॉयल रूद्र के पास से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज़ रफ्तार से आकर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में निमेश गंभीर रूप से घायल हो गए, और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सीताबर्डी थाने में रेस्टारेंट संचालक की पिटाई

### > पांच लाख रुपए की उगाही का आरोप

**नागपुर :**



सीताबर्डी थाना में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक रेस्टारेंट संचालक को थाने में लाकर पहले उसके साथ मारपीट की गई और फिर मामले को सुलझाने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की गई। घटना 31 दिसंबर 2024 की है, जब सायरस चेंग के रेस्टारेंट में एक युवती के साथ विवाद हो गया था। युवती की शिकायत पर सीताबर्डी पुलिस ने सायरस के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सीताबर्डी थाने के हवलदार प्रवीण वाकोड़े ने इस मामले की जांच करते हुए केश डायरी चुराई और सायरस को पकड़कर थाने ले आया। फिर, उसे थाने के अपने केबिन में ले गया और उसकी पिटाई की।

मामले को सुलझाने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की गई। इस दौरान सायरस ने घटना के बारे में उच्च अधिकारियों को जानकारी दी, जिसके बाद जोन दो के डीसीपी राहुल मदने ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए।

डीसीपी मदने की शिकायत पर एसीपी सुनीता मेश्राम को प्रकरण की जांच सौंप दी गई है। पुलिस विभाग के सूत्रों के मुताबिक, हवलदार वाकोड़े का नाम उगाही और भ्रष्टाचार के मामलों में अक्सर चर्चा में रहा है। उसे कई बार स्थानांतरण भी किया गया है, लेकिन वह मांस तस्करों का करीबी होने के कारण सीताबर्डी पुलिस अधिकारियों के संरक्षण में रहा है।

इस घटना के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई है और मामले की जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# नागपुर में साल के पहले दिन ही दोहरा हत्याकांड



### > कलयुगी बेटे की करतूत जान कांप जाएगी रूह

**नागपुर.**

कपिल नगर पुलिस थाना अंतर्गत नव वर्ष के पहले ही दिन दोहरी हत्या के मामले के सामने आने के बाद खलबली मच गई। कलयुगी बेटे ने ही अपने ही मां-बाप की हत्या की थी और बाद में पुलिस और रिश्तेदारों को भी को भी गुमराह करने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की सख्ती के आगे वह टूट गया और उसने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इन दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेजा है और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है।





रिश्तो को झकझोर देने वाली यह शर्मनाक घटना नागपुर के कपिल नगर पुलिस थाना अंतर्गत खसाला परिसर में नव वर्ष कि पहले ही दिन सामने आई है। मृतकों की पहचान लीलाधर डाखोडे और अरुणा डाखोडे के रूप में हुई है। जबकि आरोपी उन्हीं का बेटा उत्कर्ष डाखोडे है। लीलाधर कोराडी थर्मल प्लांट में टेक्नीशियन के रूप में काम करते हैं जबकि अरुणा विनोबा भावे नगर स्थित एक निजी स्कूल में प्राइमरी टीचर थी। आरोपी उत्कर्ष 6 साल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। बार-बार फेल होने के कारण उत्कर्ष के मां-बाप उसे पढ़ाई छोड़कर खेती-वाड़ी करने की सलाह दे रहे थे। परंतु उत्कर्ष इंजीनियरिंग पूरी करने की अपनी जिद पर अड़ा हुआ था।

**एमडी की थी लत**

सूत्रों की माने तो उसे एमडी की लत लग गई थी और इस लत के चलते ही वह पढ़ाई नहीं कर पा रहा था। मां-बाप द्वारा लगातार समझाने के चलते ही वह चिढ़ गया था और आवेश में आकर ही उसने अपने मां-बाप की हत्या करने की यह खतरनाक योजना बना ली थी।

**प्लानिंग के तहत छुपाई अपनी करतूत**

हालांकि दिखावा करने के लिए उत्कर्ष मंगलवार रात अपने घर पर आया और जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने का दिखावा किया। तब वह दोबारा कोराडी चाचा के पास सोने चला गया। बुधवार सुबह आसपास के पड़ोसियों को जब तेज दुर्गंध आना शुरू हुआ तब उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर अंदर जांच की तब पूरे घर में कमरे में खून पसरा हुआ दिखाई दिया और अरुणा और लीलाधर के शव सतविक्षित हालत में मिले।

**पुलिस हो हुआ था शक**

प्राथमिक जांच में ही पुलिस को हत्या होने का संदेश हो गया था लिहाजा पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने मां-बाप की हत्या करने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने उत्कर्ष को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। हालांकि उसका राज खुल न सके इस के लिए वह पिता की कार से बहन को कॉलेज ले जाने और छोड़ने लगा था।

### पहले माँ को उतारा मौत के घाट

तय योजना के अनुसार उसने अपनी छोटी बहन सेजल को 26 दिसंबर की सुबह स्कूल में छोड़ा था। सेजल बीएएमएस की पढ़ाई कर रही थी और वर्धा रोड स्थित एक कॉलेज में जाती है। उसे कॉलेज छोड़ने के बाद उत्कर्ष खसाला अपने घर पहुंचा जहां करीब 1 बजे के दौरान उसने सबसे पहले घर में अपनी मां अरुणा का गला दबाकर हत्या कर दी।

### फिर पिता की हत्या का इंतजार


उसके बाद आरोपी घर में ही अपने पिता के आने का इंतजार करने लगा। करीब 5 बजे जब पिता अपनी ड्यूटी से घर पहुंचा तब उसने ताबड़तोड़ पिता पर तेज धार हथियार से वार कर हत्या कर दी। इस हत्या की वारदात के बाद आरोपी घर को ताला लगाकर पिता की कार तथा उनका मोबाइल फोन साथ में लेकर अपने कोराडी में रहने वाले चाचा के पास पहुंचा। जहां से उसने अपनी बहन को फोन कर माता-पिता के कुछ दिनों के लिए मेडिटेशन के लिए बेंगलुरु जाने की बात बताई। जहां मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं होने की भी जानकारी दी। इसके बाद वह बहन को लेने वर्धा रोड पहुंचा और उसे भी अपने साथ कोराडी चाचा के घर पर लेकर गया।

## पार्टी करने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक ने कर ली खुदकुशी

**नागपुर :**

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पार्टी करने के लिए पैसे नहीं देने के चलते एक युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगकर खुदकुशी कर ली. यह घटना गिट्टी खदान पुलिस थाने के सुरेंद्रगढ़ परिसर में हुई. मृतक की पहचान पप्पू उर्फ संजय ठाकुर (32) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार पप्पू ठाकुर अपनी मां और छोटे भाई के साथ रहता था। उसके पिता की 2 साल पहले ही निधन हुआ है। घर में 3 ट्रक है जिनका कामकाज उसका छोटा भाई देखता था। पप्पू अविवाहित था जबकि छोटे भाई की शादी हो गई और उसके दो बच्चे हैं। पप्पू ठाकुर को शराब पीने की लत लग गई थी जिसके चलते वह पिछले 6 महीने से कोई कामकाज नहीं कर रहा था। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर उसने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए मां से पैसे मांगे थे। परंतु मां ने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उसकी मां दुकान में सामान लेने के लिए चली गई थी। जबकि छोटा भाई अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर बाहर गए हुए थे। इस दौरान पप्पू ने अपने घर के तल मंजिल पर शाम करीब 6 बजे फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मां जब दुकान से घर वापस आई तो उसे घर का कमरा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांक कर देखने पर पप्पू फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। तुरंत पड़ोसियों की मदद से घर का दरवाजा तोड़कर पप्पू को फांसी के फंदे से नीचे



उतारा गया परंतु तब तक उसकी मौत हो गई थी। बाद में इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है और आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

## मोटरसाइकिल सवार ने दो लोगों को मारी टक्कर

**नागपुर :** सदर थाना क्षेत्र के सदर फ्लाईओवर पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार बोलेरो ने दुपहिया सवार दो लोगों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में दुपहिया सवार एक युवक और उसके महिला दोस्त घायल हुई है जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार नववर्ष के चलते फरियादी 17 वर्षीय नाबालिग हिंगणघाट निवासी अपनी नाबालिग महिला दोस्त के साथ कोराड़ी देवी मंदिर में दर्शन के लिए आए थे। दर्शन करने के बाद वह अपनी पल्सर गाड़ी क्रमांक एम एच 32 ए आर 2882 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान सदर फ्लाईओवर पर आई एक तेज रफ्तार सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में युवक अपनी महिला दोस्त के साथ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## नागपुर में हुई 'वॉर रूम' की स्थापना

### > विभिन्न विभाग प्रमुखों की टीम गठित, कलेक्टर ने दी जानकारी

**नागपुर.** कलेक्टर डॉ विपिन इटनकर ने जानकारी दी है कि परियोजनाओं को शीघ्रता से साकार करने के लिए मुंबई की तर्ज पर नागपुर में भी 'वॉर रूम' स्थापित किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि नागपुर में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं को त्वरित गति से साकार करने के लिए संबंधित विभिन्न विभागों का समन्वय और विभिन्न सरकारी दायित्वों का समय पर पूरा होना आवश्यक है। इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर अनुभव को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है।

जिलाधिकारी कार्यालय से प्रस्तावित विकास कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में संबंधित कार्यान्वयन विभागों को निर्धारित प्रपत्र दिए जाएंगे। उन विभागों को अपने-अपने प्रोजेक्ट की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भरनी होगी। इस जानकारी की प्रत्येक चरण में समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर डॉ विपिन इटनकर ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर इस संबंध में अलग से पोर्टल विकसित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को यह जांच करने के निर्देश दिये कि वर्तमान में एनआईसी द्वारा किसी पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए निश्चित प्रक्रिया दो दिन में तय कर संबंधित विभागाध्यक्ष को भेज दी जायेगी। जिलाधिकारी कार्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में कलेक्टर डॉ विपिन इटनकर की अध्यक्षता में वार रूम के संबंध में व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर कलेक्टर तुषार ठोंबरे सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## नाकाबंदी में 41.67 लाख नकद जब्त

### > हवाला कनेक्शन का संदेह

**नागपुर.** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कोतवाली पुलिस ने शहर के गांधीगेट क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान 41,67,300 रुपए की नकदी जब्त की है। यह रकम हवाला के मामलों से जुड़ी हो सकती है, ऐसे संदेह के बीच पुलिस ने रकम लेकर जा रहे दो युवकों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की।

दोनों युवकों ने रकम के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिसके बाद उन्हें नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। युवकों के नाम रोहित गुलाबचंद कोरी (30) और संगम रघुवरप्रसाद कोरी (27) हैं, जो जबलपुर के निवासी हैं।

**पुलिस ने की नाकाबंदी, संदिग्ध वाहन से मिली बड़ी रकम**

नव वर्ष की रात शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने गांधीगेट क्षेत्र में नाकाबंदी की थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध दोपहिया वाहन (एमएच49/बीवी-6983) को रोका। वाहन पर सवार दोनों युवकों ने पुलिस से गोलमोल जवाब दिया और उनके हावभाव भी संदिग्ध थे। जब पुलिस ने उनकी तलाशी ली, तो उनके पास एक काले बैग में 41.67 लाख रुपये की नकदी मिली। इतनी बड़ी रकम देखकर पुलिस भी हैरान रह गई।



**साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया जारी**

पुलिस ने तुरंत नकदी को जब्त कर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे जबलपुर के एक व्यापारी के लिए काम करते हैं और यह रकम उसी व्यापारी की है। हालांकि, इस संबंध में वे कोई ठोस सबूत नहीं दे सके। अब पुलिस ने इस रकम के स्रोत और संदिग्ध व्यापारिक कनेक्शन की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, पुलिस ने जबलपुर के व्यापारी से संपर्क किया और उसे नागपुर बुलाकर पूछताछ की। व्यापारी को कोतवाली थाने में पेश किया गया, जहां पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है। जांच जारी है और पुलिस इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाने के प्रयास कर रही है।

**व्यापारी ने दी थी रकम वसूलने की जिम्मेदारी**

सूत्रों के अनुसार, रोहित और संगम दोनों रिश्तेदार हैं और करीब एक माह पहले वे जबलपुर से नागपुर आए थे। यहां वे गणेशपेठ इलाके में किराए के कमरे में रह रहे थे। उनके अनुसार, उन्हें जबलपुर के व्यापारी ने इतवारी से रकम वसूलने का निर्देश दिया था और फिर वह रकम वापस जबलपुर पहुंचाने के लिए जा रहे थे। पुलिस अब इस मामले में व्यापारी से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है.

## बंद घर से चोरों ने उड़ाया 3.90 लाख का माल

**नागपुर :** एमआईडीसी थाना क्षेत्र के कृष्णविहार, ईसासनी में एक चोरी का मामला सामने आया है। फिर्यादी मनोजकुमार मनमोहनप्रसाद सिन्हा (60) ने 31 दिसंबर को पुलिस थान में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें उनका घर बंद होने के दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के अनुसार, फिर्यादी और उनका परिवार मुंबई में अपनी बेटी के घर गए थे। इस दौरान 23 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर 2024 के बीच, अज्ञात चोरों ने फिर्यादी के घर की खिड़की का ग्रिल तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने बेडरूम में रखी लोहे की आलमारी से 55,000 रुपये की नकद राशि और सोने के गहने तथा एक हैंडबैग चुरा लिया, जिसकी कुल कीमत 3.90 रुपये है। इस घटना के बारे में फिर्यादी की शिकायत पर, पुलिस उपनिरीक्षक गवळी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## शांतिनगर में सड़क हादसा, एक की मौत

### > आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर :**

शांतीनगर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह हादसा 31 दिसंबर 2024 को रात ८:४५ बजे के आसपास हुआ। फिर्यादी प्रणय मुकेश डोळस (उम्र १९ वर्ष) और उनका मित्र वैभव स्प्लेंडर बाइक (क. एम.एच ४९ बीई ३६५०) से शांतीनगर से सुनिल होटल, लकडगंज जा रहे थे। इस दौरान कार्तीक विलास मारोडे (उम्र १६ वर्ष) नामक युवक ने बाइक चलाई। दोनों युवक इतवारी स्टेशन के सामने पहुंचे थे, तभी अचानक आरोपी मैक्सी चालक क्रमांक MH 49 AR 6556 बाइक ने, जो शराब के नशे में था, अपने वाहन को तेज





गति से चलाते हुए इनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत न्यू ईरा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने कार्तीक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रणय को मेयो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे के आरोपी की पहचान कर ली गई है। आरोपी ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए, बिना किसी सावधानी के यह दुर्घटना की। फिर्यादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## नागपुर के खिलाड़ी बनेंगे देश का गौरव: गड़करी

### > पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को खेलों द्वारा सम्मानित किया गया

**नागपुर.**

नागपुर शहर के एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एमपी स्पोर्ट्स फेस्टिवल की शुरुआत की गई है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपने खेल में और अधिक मजबूती से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को उनके प्रोत्साहन के लिए आमंत्रित किया जाता है। पेरिस पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन किया है. मप्र खेल महोत्सव के माध्यम से नागपुर के खिलाड़ी भविष्य में अपने प्रदर्शन से देश का गौरव बनेंगे, ऐसा केन्द्रीय मंत्री श्री ने कहा। नितिन गड़करी ने व्यक्त किये. 7वें मप्र खेल महोत्सव की तारीखें बुधवार को घोषित हो गईं 1 जनवरी 2025 रेशिमबाग में कविवर्य सुरेश भट सभागार में उत्सव के प्रेरक केंद्रीय मंत्री श्री. नितिन गड़करी द्वारा आपको कामयाबी मिले। इस समय वह बात कर रहे थे. कार्यक्रम के लिए महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री माननीय. श्री। चन्द्रशेखर बावनकुले, भारतीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष पद्मश्री देवेन्द्र झांझारिया विशिष्ट अतिथि, सतकामूर्ति भारतीय पैरालम्पिक टीम के मुख्य कोच श्री. सत्यनारायण, पेरिस पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता एथलीट नितेश कुमार , सुमित एंथिल , हरविंदर सिंह , धर्मबीर नैन , प्रवीण कुमार , नवदीप सिंह और अवनी लेखरा उपस्थित थीं । मंच पर विधायक सर्वश्री प्रवीण दटके, पूर्व महापौर मोहन मते, मप्र खेल महोत्सव के आयोजक श्री। संदीप जोशी , भारतीय जनता पार्टी के नागपुर शहर अध्यक्ष श्री. महोत्सव के सचिव डॉ. जीतेन्द्र (बंटी) कुकड़े. पीयूष अम्बुलकर विशिष्ट अतिथि थे।



12 जनवरी से 2 फरवरी 2025 की अवधि के दौरान इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री ने घोषणा की कि सातवें मप्र खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। नितिन गड़करी द्वारा किया गया।

विधायक सर्वश्री कृष्ण खोपड़े, प्रवीण दटके, भारतीय जनता पार्टी के नागपुर शहर अध्यक्ष श्री. जीतेन्द्र (बंटी) कुकड़े, पूर्व विधायक सर्वश्री नागो गाणार, मल्लिकार्जुन रेड्डी, श्री. जय प्रकाश गुप्ता, पूर्व पार्षद सर्वश्री नरेंद्र (बाल्या) बोरकर, दीपक चौधरी, पूर्व पार्षद श्रीमती श्रद्धा पाठक द्वारा मप्र खेल महोत्सव में भाग लेने वाले विभिन्न 61 खेलों के खेल संगठनों को महोत्सव ध्वज प्रदान किये गये ।

पेरिस पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेताओं को राष्ट्र के गौरव समारोह में विशेष सम्मान, एमपी खेल महोत्सव के 7वें सीजन की तारीखों की घोषणा केंद्रीय मंत्री श्री. नितिन गड़करी द्वारा किया गया। भारतीय पैरालंपिक टीम के मुख्य कोच श्री. सत्यनारायण, बैडमिंटन पुरुष एकल के स्वर्ण पदक विजेता नितेश कुमार , सुमित अंतिल , एथलेटिक्स जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाजी व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह , धर्मबीर नैन, एथलेटिक्स क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक विजेता , एथलेटिक्स ऊंची कूद के स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार , नवदीप सिंह , एथलेटिक्स जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक विजेता महिला समूह में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा ने पैरालिंपिक में अपने प्रदर्शन से पूरे देश का नाम रोशन किया है . ये सभी खिलाड़ी मप्र खेल महोत्सव समिति द्वारा उन्हें सम्मानित कर उनके प्रदर्शन के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री. नितिन गडकरी ने कहा, एमपी खेल महोत्सव में दिव्यांग ... वरिष्ठ नागरिकों , प्रतियोगिताओं का आयोजन करना भी सभी महिलाओं के लिए बहुत खुशी की बात है। खेल से खिलाड़ियों के चेहरे पर जो खुशी आती है, वह सबसे बड़ी उपलब्धि नहीं है. -गडकरी ने कहा। उन्होंने मैदान को विकसित करने की जरूरत बतायी ताकि शहर के अधिक से अधिक बच्चे मैदान में आकर खेल सकें. उन्होंने राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से इस उद्देश्य के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। बावनकुले के अनुरोध पर भविष्य में तालुका स्तर पर भी कुछ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया गया. आयोजन समिति को गडकरी. खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए खेल संगठनों को भी मिलकर काम करना चाहिए, खिलाड़ियों को खेल के नियमों और अंपायरों के फैसले का सम्मान करना चाहिए, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी द्वारा किया गया।







CMYK

# मामूली विवाद में पत्नी की चाकू से हत्या

**खापरखेड़ा.**



मटन चिकन के खाने को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी को चाकू मारकर हत्या कर दी. घटना मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के चनकापुर इलाके में हुई. घटना से खापरखेड़ा इलाके में हड़कंप मच गया है. पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति की पुलिस थाने के डीबी टीम ने तलाश की और कुछ ही देर में आरोपी को हिरासत में ले लिया।

हेमलता सिद्धार्थ गेडाम उम्र-42 वर्ष वार्ड नंबर 2 एपी बीयर बार के पीछे चनकापुर ऐसा मृतक का नाम बताया जा रहा है। जबकि गिरफ्तार आरोपी पति का नाम सिद्धार्थ गुणाजी गेडाम उम्र 45 वर्ष बताया जा रहा है। उक्त घटना में पति शराब का आदी है। घटना वाले दिन मंगलवार 31 दिसंबर को आरोपी शाम को बहुत ज्यादा शराब पीकर घर आया, इसी दौरान आरोपी सिद्धार्थ का बेटा वैभव घर में चिकन लेकर आया था। खाना खाने के विवाद में पत्नी पत्नी में बाचाबाची हुई। बताया जा रहा है की सब्जी बनाने के बाद जब वैभव की मां मृतक हेमलता रोटी पका रही थी तब बेटा वैभव रोटी सेक रहा था। इसी बीच रात करीब 9.30 बजे आरोपी सिद्धार्थ ने ज्यादा शराब पीकर मृतका हेमलता से चिकन की सब्जी देने को कहा, जिसमें दोनों का विवाद बढ़ते गया।और चंद मिनटों में पत्नी को धारदार चाकू से घोंप दिया। दरम्यान वैभव अपनी मां को बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन उस समय मृतका की मुंह और पीठ से खून बह रहा था . इस बीच लड़के को घबराने लगा, वह पास में रहने वाले एक दोस्त के घर गया और मां हेमलता को अस्पताल ले जाने के लिए कार लेकर आया। घटना की सूचना तुरंत खापरखेड़ा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक हेमलता को इलाज के लिए नजदीकी चिचोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. खापरखेड़ा थाने में कार्यरत डीबी टीम ने कुछ ही देर में आरोपी सिद्धार्थ की तलाश कर ली और बड़े फिल्मी अंदाज से आरोपी सिद्धार्थ को झाड़ियों में छिपा हुआ पाया. पुलिस ने देर रात तक आरोपी सिद्धार्थ को गिरफ्तार कर लिया। फिर्यादी की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

## अब नागपुर में बनेगा जीएसटी का अपीलेट ट्रिब्यूनल

**नागपुर.**

केंद्र सरकार ने सेंट्रल एक्साइज बंद कर उसे जीएसटी में तब्दील किया, लेकिन अभी तक नागपुर में जीएसटी का अपीलेट ट्रिब्यूनल नहीं था। कारोबारियों को जीएसटी में सुनवाई के बाद सीधे हाईकोर्ट में अपील करनी होती थी।

सिविल लाइन्स स्थित केंद्रीय तार घर में ट्रिब्यूनल के लिए जगह आवंटित हो गई है और नए साल में यहां जीएसटी का अपीलेट ट्रिब्यूनल शुरू हो जाएगा। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देश भर में जीएसटी लागू किया था।

केंद्रीय स्तर पर सेंट्रल एक्साइज को जीएसटी में तब्दील किया गया, वहीं राज्य स्तर पर सेल्स टैक्स को स्टेट जीएसटी में तब्दील किया गया। नागपुर में सेंट्रल जीएसटी के प्रधान मुख्य आयुक्त बैठते हैं और उनके कार्यक्षेत्र में विदर्भ, मराठवाडा व नाशिक विभाग आता है।

# दत्तवाड़ी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन

> 8 से 12 जनवरी तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

**वाडी.**



गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल, वाड़ी द्वारा 8 से 12 जनवरी तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन दत्तवाडी स्थित संत गजानन महाराज मंदिर के प्रांगण में किया जाएगा। इस आयोजन के लिए महामंडप का भूमिपूजन आज सुबह 11 बजे दत्तवाड़ी स्थित संत गजानन महाराज मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ के पूर्व अध्यक्ष दीपक बिडवाईक, प्रबंधक प्रेम सिंह बैस,आशीष श्रीवास्तव, बंदुभाऊ मेश्राम, वाड़ी मंडल अध्यक्ष निर्मला पंढरीनाथ राऊत की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष गणेश सालोदे, गजानन महाराज मंदिर समिति के श्रीराम बटवे, समाजसेवक तथा नप पूर्व निर्माण सभापति हर्षल काकड़े, पूर्व उप नगराध्यक्ष नरेश चरडे, मधु मानके पाटिल, भास्करराव रिंकी और गायत्री परिवार के कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।अखिल विश्व गायत्री परिवार के अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक योगीराजजी बल्की इस पवित्र प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन करेंगे। आयोजन का शुभारंभ 8 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे दत्तवाड़ी क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा और महायज्ञ की स्थापना के साथ होगा।9 से 11 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक ध्यान, भगवान की पूजा, यज्ञ और पुराण कथा का पाठ होगा। 11 जनवरी को दीप यज्ञ का विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 12 जनवरी को भव्य महाप्रसाद के साथ होगा। गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इन पवित्र आयोजनों में भाग लेकर लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

## कल गजानन पालकी यात्रा का होगा स्वागत



**कन्हान.**

श्रीसंत गजानन महाराज सेवा समिति नागपुर के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शुक्रवार 3 जनवरी से सोमवार 6 जनवरी तक श्रीसंत गजानन महाराज की पैदल पालकी यात्रा निकाली जाएगी. इस पालकी यात्रा का शहर में आगमन शुक्रवार 3 जनवरी को शाम लगभग 6 बजे होगा. पालकी यात्रा शाम को सत्रापुर मार्ग कन्हान नदी के तट पर स्थित काली माता मंदिर में पहुंचेगी. पालकी के आगमन पर भक्तजन उसका स्वागत करेंगे तथा भजन एवं कीर्तनों का संगीतमय कार्यक्रम भी होगा. ज्ञात हो कि पालकी यात्रा में शामिल लगभग 300 वारकरी सेवाधारी महिला-पुरुषों के महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे. दूसरे दिन शनिवार 4 जनवरी को प्रातः 6.30 बजे पालकी यात्रा शहर में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगी. जहां जगह जगह स्वागत भी किया जाएगा. मेन रोड स्थित पुरुषोत्तम काकड़े आरा मशीन परिसर में गजानन महाराज के भक्तगण पालकी यात्रा पहुंचने पर स्वागत करेंगे. चाय एवं अल्पाहार के बाद पालकी यात्रा कांद्री-बोरडा के लिए प्रस्थान करेगी.



# नाकाबंदी में जबलपुर के दो युवक 41.67 लाख लेकर जाते पकड़ाए

> हवाला की रकम का संदेह

**नागपुर.**

कोतवाली पुलिस ने गांधीगेट के पास नाकाबंदी के दौरान एक्टिवा से जाते समय दो युवकों को रोका। एक्टिवा की तलाशी लेने पर डिक्की से 41 लाख 67 हजार 300 रुपए मिले। रुपयों के बारे में एक्टिवा सवार रोहित गुलाबचंद्र कोली मध्यप्रदेश के जबलपुर और उसका साला संगम रघुबीर कोली पन्नागढ, मध्यप्रदेश निवासी सटीक जबाब नहीं दे पा रहे थे। पुलिस ने दोनों को एक्टिवा सहित थाने ले जाकर पूछताछ करने के बाद उनसे नकद जब्त कर लिया है। पुलिस को शक है कि यह रकम हवाला की हो सकती है। दोनों युवक करीब एक माह से नागपुर में रह रहे थे। यह जबलपुर के किसी खिलौने कारोबारी के लिए काम करते थे।

दोनों युवकों को पुलिस ने सूचना पत्र देकर फिलहाल छोड़ दिया है। नकद और एक्टिवा जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों युवकों से कहा कि वह रकम से संबंधी दस्तावेज लाकर हाजिर करें। इसके बाद ही रकम को उनके हवाले किया जाएगा। दोनों युवक रिश्ते में साले और जीजा है। जबलपुर के जिस व्यापारी का नाम दोनों ने बताया है, पुलिस अब उस दिशा में जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को रात करीब 10.30 बजे गांधीगेट के पास कोतवाली पुलिस की नाकाबंदी लगी थी। इस दौरान पुलिस ने एक्टिवा क्रमांक एम एच 49 बी वी- 6983 को रोका। डिक्की की तलाशी लेने पर पुलिस के होश उड़ गए, डिक्की में नकद 41 लाख 67 हजार रुपए रखे हुए थे।

दोनों से गहन पूछताछ की गई लेकिन वह सटीक जबाब नहीं दे पाए, तो पुलिस ने सारे रुपए जब्त कर लिया। इसके बारे में आयकर विभाग को भी सूचित किया गया है। एक्टिवा पर सवार रोहित और संगम को सूचना पत्र देकर छोड दिया गया है।

पुलिस ने उन दोनों से कहा कि जरुरत पडने पर वह थाने में हाजिर हो जाएंगे। दोनों ने यह रकम कहां से लेकर आ रहे थे। यह पूछने पर उन्होंने इतवारी के कुछ व्यापारियों का नाम उजागर किया है। इस दिशा में भी पुलिस की ओर से छानबीन शुरू कर दी गई है। अगर यह रकम हवाला की निकलती है तो कुछ व्यापारियों पर पुलिस के जांच की आंच आ सकती है।

# उमरेड करांडला में एफ 2 बाघिन के 5 शावक बने आकर्षण का केंद्र

**नागपुर.**

नागपुर इन दिनों उमरेड करांडला में पर्यटकों को एफ 2 नामक बाघिन के 5 शावक आकर्षिण का केन्द्र बने हैं। बारिश के बाद शुरू हुई सफारी में पहले इन्हें नहीं देखा गया। लेकिन अब बाघिन अचानक अपने 5 शावकों के साथ बाहर निकली है। जिसके कारण जंगल भ्रमण करनेवाले पर्यटकों को वह आसानी से दिखाई दे रही है। बाघिन व उसके पांच शावकों को एक साथ देखना हर किसी को भा रहा है।

नागपुर जिले का उमरेड करांडला एक छोटा अभयारण्य है। ढाई सौ स्वेअर किमी में फैले इस जंगल में बाघों की संख्या 10 से ज्यादा है। छोटा जंगल होने से यहां पर आसानी से बाघों की साइडिंग भी हो जाती है। ऐसे में वर्षों से इसकी ओर पर्यटकों का रूझान वैसे ही बढ़ा रहता है। लेकिन इस बार पर्यटक और भी ज्यादा इस जंगल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। क्योकि यहां एफ 2 नामक बाघिन को एकसाथ 5 शावक हुए हैं, जो बाघिन के साथ जंगल भ्रमन करते रहते हैं। ऐसे में इन्हें देखना हर किसी के लिए आसान हो गया है। इसके अलावा जंगल में और भी बाघ व बाघिन मौजूद हैं। जिससे आसानी से इनका भी दीदार हो रहा है। करांडला के जंगल में राज कर चुका सूर्या द बॉस नामक बाघ इन दिनों यहां से गायब हो गया है। उस बाघ के बारे में आज तक किसी को जानकारी नहीं है, कि यह कहां गया है। लेकिन इसके आकार व ताकत के चर्चे हमेशा से ही सुनने मिले हैं। बताया गया कि, यह एफ-2 नामक बाघिन इसी सूर्या बाघ व फेरी नामक बाघिन की है। ऐसे में इसे देखना के लिए उत्सुकता ज्यादा है। कुछ दिनों से सफारी घूमने का खर्च बढ़ा दिया है। गत वर्ष सफारी का इस तरह थी कि पर्यटकों को सोमवार से शुक्रवार तक कुल 38 सौ 25 रुपये देने पड़ते थे। जिसमें 6 लोग सफारी घूम सकते थे। इसमें फॉरेस्ट परमिट का 850, जिप्सी पेमेंट 2500 गाईड का पेमेंट 475 वही कैमरा चार्ज नहीं लिया जा रहा था। लेकिन इस बार इसी पेमेंट को 4 हजार 4 सौ 75 कर दिया है। जिसमें फॉरेस्ट परमिट के 1500, जिप्सी पेमेंट 2500, गाइड पेमेंट 475 लेकर कैमरा शुल्क 2 सौ व 4 सौ रुपये कैमरा देखकर लिया जा रहा है। शनिवार व रविवार को तो 4 हजार 9 सौ 75 रुपये पर्यटकों से लिये जा रहे हैं। जिसमें फॉरेस्ट चार्ज ही 2 हजार रखा गया है।

## हजारों भक्तों ने नए साल पर श्री साईंबाबा मंदिर में दर्शन किये



**कामठी.**

नए साल की पूर्व संध्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने आड़ापूल स्थित श्री साईबाबा मंदिर में दर्शन किए और नए साल में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की. सुबह करीब छह बजे मंदिर पंच कमेटी के अध्यक्ष श्रीकृष्ण देवनाथ बाबा ने अभिषेक, पूजा, आरती की और साईं भक्तों को नये साल की शुभकामनाएं दीं.

इस अवसर पर मंदिर पंच कमेटी के उमाशंकर सिंह, गणेश यादव, दिलीप बडवाइक, रवि कोतपल्लीवार, मनोहर मंसूरकर, सुरेश ठाकरे आदि गणमान्य प्रमुखता से उपस्थित थे. नववर्ष के अवसर पर कामठी, कन्हान, मनसर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर सुखी और समृद्ध नव वर्ष के लिए प्रार्थना की. कुछ भक्तों ने श्री साईंबाबा मंदिर में भगवान सत्यनारायण की कथा कर महाप्रसाद का भी आयोजन किया. मंदिर परिसर विभिन्न प्रकार के खिलौनों की दुकानों से सजाया गया था. जिससे मंदिर क्षेत्र में मेला लग गया था. जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में पुलिस बंदोबस्त लगाई गई थी.

# जेल ले जाते समय एमपीडीए का आरोपी हुआ फरार

> पुलिस महकमे में मची खलबली, रहाटे कॉलोनी चौक की घटना

**नागपुर.**

धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत राहटे चौक से एमपीडीए का एक आरोपी फरार। यह घटना उस समय हुई जब जरिपटका पुलिस की टीम उसे जेल ले जा रही थी। गाड़ी के सिग्नल पर रुकते ही यह आरोपी पुलिस जवान का हाथ झटकर गाड़ी से फरार हो गया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया परंतु सड़क पर ज्यादा ट्रैफिक और अंधेरे का फायदा उठाकर वह भागने में कामयाब रहा। इस घटना के बाद पुलिस दल में खलबली मच गई। हालांकि अभी तक इस फरार आरोपी का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है जिसकी तलाश जारी है। धंतोली पुलिस थाना क्षेत्र के रहाटे कॉलनी चौक पर सोमवार रात उस समय यह घटना हुई जब आरोपी को सेंट्रल जेल में जमा करवाने के कुछ पुलिस कर्मी लेकर जा रहे थे। आरोपी अजय उर्फ अज्जू राजेश बोरकर है, जो इंदोरा के भंडार मोहल्ला का निवासी है। जरिपटका पुलिस ने उसके आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए एमपीडीए की कार्रवाई की थी. पुलिस उसे गिरफ्तार कर पहले पुलिस आयुक्तालय लेकर गई जहां से उसे सेंट्रल जेल में जमा करवाने के लिए लेकर जाया जा रहा था। जरिपटका पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस हवलदार कमलेश यादव, पुलिस कर्मी अमित चवरे चालक तुषार पाडोले उसे सेंट्रल जेल ले कर जा रहे थे। इस दौरान रहाटे कॉलनी चौक पर सिग्नल बंद होने के कारण पुलिस की गाड़ी रुक गई। आरोपी मुरलीधर ने पुलिसकर्मियों के हाथ को झटका देकर उनकी पकड़ से छूट गया और गाड़ी का दरवाजा खोल कर फरार हो गया। आरोपी के भागने के बाद पुलिसकर्मी उसके पीछे दौड़े लेकिन भारी ट्रैफिक और रात का समय होने के कारण आरोपी वहां से ओझल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल में खलबली मच गई।

घटना की शिकायत धंतोली पुलिस थाने में दर्ज करवाई गए हैं। इस कुख्यात अपराधी की तलाश में अलग-अलग टीमें मंगलवार दिनभर उसकी तलाश करती रही। बावजूद इसके उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया है।

## 2025 का पहला दिन, मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

**नागपुर.**

नया साल, नई उम्मीदें और भगवान से प्रार्थनाएं। नागपुर के सभी मंदिरों में साल 2025 की पहली सुबह श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर कोई भगवान के दर्शन के लिए कतार में खड़ा नजर आया। नागपुर के तकरीबन सभी मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं।

खासतौर पर रामटेक मंदिर, टेकड़ी गणेश मंदिर, और साई मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही। नए साल के मौके पर मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया।

कई भक्त अपने परिवार के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा करते नजर आए। इसके साथ ही कई मंदिरों में भजन-कीर्तन और खास आरती का भी आयोजन किया गया.

## कोतवाली पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान जब्त की 41 लाख रुपये की अवैध नकदी

**नागपुर.**

कोतवाली पुलिस स्टेशन अंतर्गत नाकाबंदी के दौरान 41 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई है। नए साल के जश्न के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों ने आधी रात को शिवाजी पुतला क्षेत्र में स्कूटी पर दो लोगों को नकदी ले जाते हुए पकड़ा। प्रारंभिक जांच में ये रकम हवाला से लाई हुई बताई जा रही है।

नागपुर शहर में नए साल के जश्न के चलते पुलिस ने पूरे शहर भर में तगड़ी नाकाबंदी की थी। पुलिस सड़क पर आने जाने वाले हर एक वाहन की बारीकी से जांच कर रही थी। इसी दौरान शिवाजी पुतला के पास दो युवक एक मोपेड गाड़ी पर संदिग्ध रूप में जाते हुए दिखाई दिए ।

जब उनकी गाड़ी की जांच की गई तो उसमें करीब 41 लाख 67300 रूपयों की नगदी मिली। इस कैश के संबंध में कोई भी पुख्ता दस्तावेज पेश नहीं कर पाने के बाद पुलिस ने इन दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कैश को जब्त कर लिया है। प्राथमिक जांच में यह कैश हवाला का होने की आशंका पुलिस व्यक्त कर रही है। इस कैश के साथ रोहित गुलाबचंद कोरी और संगम रघुवर प्रसाद कोरी नामक युवक मिले हैं जो कि दोनों ही जबलपुर मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। कोतवाली पुलिस इस मामले में अब आगे की जांच कर रही है।

## एम.ए. जब्बार महासम्मेलन में हुए सम्मानित





**कामठी.**

नागपुर के सीताबर्डी स्थित विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन में आयोजित उन्नीसवां अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन में पत्रकारिता व सामाजिक कार्य क्षेत्र के लिए विदर्भ गोल्डन न्यूज़ के संपादक एम.ए. जब्बार को अतुल्य भारत पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

जिसमें सम्मान समारोह के दौरान संस्थापक व प्रधान संपादक डॉ.क्रांति महाजन, निदेशक व राष्ट्रीय परीक्षक डॉ. सुनील सालवे, निदेशक व राष्ट्रीय परीक्षक डॉ. गुरुतेज सिंह ब्रार द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र सहित स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया.

## रणाला में आचार्य श्रीनानेराज बाबा का चातुर्मास व्रत शुरू

**कामठी.**



गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आचार्य श्रीनानेराज बाबा पातुरकर (मांजरोद-धुले) का चातुर्मास व्रत की रणाला स्थित श्री कृष्णज्ञान मंदिर में बुधवार से भव्य शुभारंभ हो गया है.

इस अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन कर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया. यह कार्यक्रम 1 फ़रवरी तक चलेगा. श्री कृष्णज्ञान मंदिर देवस्थान एवं म.श्री गोविंदराज बाबा श्रद्धपुरकर रणाला समिति की ओर से श्री कृष्णज्ञान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम विशेष पूजा-अर्चना की गई. इस दौरान भगवान के जयकारों से श्री कृष्णज्ञान मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो गया. सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया. इस अवधि में मंदिर में लगातार कीर्तन-भजन एवं धामिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे.

# सफाई कर्मचारी से मारपीट, एट्रॉसिटी के तहत मामला दर्ज

> सख्त कार्रवाई की मांग

**सावनेर.**

साल के पहले दिन सावनेर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी पर जातिसूचक गालियां और मारपीट की घटना ने नगर परिषद कर्मचारियों और सफाई कर्मियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

सावनेर नगर परिषद के नियमित सफाई कर्मचारी विजय वाल्मीकि को 1 जनवरी 2025 की सुबह मोकद्दम लाला समुद्रे ने नागपुर रोड स्थित न्यू गुजरखेड़ी प्रभाग में सफाई के लिए भेजा था। विजय अन्य तीन सफाई कर्मचारियों के साथ सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दादाराव लांजेवार नामक व्यक्ति ने विजय को जातिसूचक गालियां दीं। विजय ने जब इसका कारण पूछा और कहा कि किसी भी समस्या के लिए मुख्याधिकारी या संबंधित विभाग से शिकायत करें, तो आरोपी भड़क गया और विजय पर हमला कर दिया। इस घटना के दौरान वहां मौजूद अन्य लोगों और सफाई कर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। लेकिन आरोपी ने अपने घर से सब्बल लाकर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। हालांकि, उपस्थित लोगों ने समय रहते विजय को बचा लिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। इस घटना की जानकारी विजय ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

मुख्याधिकारी किरण बगड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य निरीक्षक धीरज देशमुख, पंकज छेनिया और जलापूर्ति अभियंता संदीप कोलते के नेतृत्व में सभी सफाई कर्मियों ने सावनेर पुलिस स्टेशन पहुंचकर थानेदार पाटील को घटना की जानकारी दी और मामला दर्ज कराने की मांग की। सावनेर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 121 (1) और 352 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दादाराव लांजेवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

इस बीच, जब तक आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक नगर परिषद सावनेर के सफाई कर्मचारी, मोकद्दम लाला समुद्रे, संजय वाघमारे, अर्जुन मतेल, छाया चव्हाण, कविता मतेल, दिनेश वाघमारे और अजय मतेल के नेतृत्व में काम बंद करने का मन बना चुके हैं।

## भानेगांव में वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खापरखेड़ा.**



न्यु भानेगांव में बुधवार प्रांत: सुबह करीब 5 बजे दरम्यान एक वृद्ध ने अपनेही घर के सामने आम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले वृद्ध का नाम रामचन्द्र तुकाराम बोरकर-70 मु. वार्ड नं. 4 नया भानेगांव बताया जा रहा। जब की घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सोये हुए थे,मृतक ने मौका देखकर घर के सामने की सुरक्षा दीवार से कुदकर आम के पेड़ पर रस्सी का फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

कुछ देर पश्चात आम के पेड़ पर शव को सुबह पड़ोसियों ने लटका हुआ देखा। पड़ोसियों ने मृतक के परिवार को नींद से उठाया। परिवार के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। दरम्यान तुरंत पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का पंचनामा किया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। लेकिन इस घटना में आत्महत्या करने का असर लिखे जाने तक पता नहीं लग पाया।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### सोपान गुर्वे

**सौंसर.** ग्राम उटेंकाटा निवासी हरिभक्त परायण सोपान गुर्वे (महाजन) 75 वर्ष का बुधवार की सुबह निधन हुआ। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। गुर्वे के निधन पर वारकरी संप्रदाय के अनुयाई, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, आप्तजन व ग्रामीणों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नशामुक्त भारत यह बहुत बड़ी संकल्पना: देशमुख

## > नशामुक्त पहाट कार्यक्रम ने दिया जागृति का संदेश

**गोंदिया.**

हम एक लंबी लडाई, लंबे समय से लड रहे है। नशामुक्ती की लाई प्रेरणादायी है। नशा बहुत नुकसानदायी है। शराब बना रहे है, बेच रहे है, लोग डिमांड कर रहे है। नशे की मांग नही होती तो सप्लाई अमला काम नही करेंगा। समाज मे बुरी आदत वाले लोग जल्दी मिल जाते है, नशामुक्त कार्यक्रम का उद्देश अच्छा है। नशामुक्त भारत यह बहुत बडी संकल्पना है, उक्त आशय के उदगार विशेष अतिथी राजस्थान जयपुर एसओजी के पुलिस उपमहानिरीक्षक परीस देशमुख ने श्री गुर्जर क्षत्रिय समाजवाडी हाल में श्री गणेश ग्रामीण विकास संस्था गोंदिया व्दारा आयोजित व्यसनमुक्त पहाट कार्यक्रम के उद्घाटनपरांत मार्गदर्शन करते हुए व्यक्त किए।




प्रमुख अतिथी के रूप मे जिलाधीश प्रजित नायर, उप विभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, सहा. धर्मदाय आयुक्त डा.दिशा के पजई, सहा.राज्य कर आयुक्त श्रीमती मिनाक्षी बन्सोड, समाज कल्याण अधिकारी अनिल देशमुख, फिल्म अभिनेत्री चंद्रलेखा जोशी, डॉ.सृष्टी बहेकार, विजया बाहार, श्री गणेश ग्रामीण विकास संस्था के संस्थापक विजय बहेकार, बबई विमानतल पुलिस निरीक्षक ममता नंदागवली, आदि उपस्थित थे.

इस रंगारंग कार्यक्रम की सुरूवात अतिथीयों के हस्ते महापुरूष के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई।

जिलाधीश प्रजित नायर ने अपने संबोधन मे कहा की व्यसनमुक्त पहाट अलग तरह का कार्यक्रम है। मेरे लिए यह नया कार्यकम है। मैने शराब के अनेक लायसेन्स बांटे है। व्यसन भाषा व साहित्य में नकारात्मक है। शराब वेल्थ, वुमन व वाईन से जुडी है। उन्होने कहा मनुष्य के जीवन में २४ घंटे होते है। इसमे विशेष कुछ सकारात्मक व्यसन कर सकते है।

हमने पाजीटिव्ह नहीं सोचा तो निगेटिव्ह थॉट आते है। नकारात्मकता को दूर करने के लिए सकारात्मकता की ओर कदम उठाए. प्रस्तावना श्री गणेश विकास शिक्षण संस्था के संचालक विजय बहेकार ने रखते हुए बजाया की युवक नववर्ष का स्वागत नशे से दूर रहकर करे। इसके लिए यह आयोजित विगत १३ वर्षो से सतत किया जा रहा है। युवक नशे की ओर न बढे यह शासन की जबाबदारी है। हमारी संस्था ने भारत व्यसन मुक्त करने का संकल्प लिया है।

वेलकम डान्स तृष्णा फुले ने प्रस्तुत किया। कार्य्रक्रम मे अतिथीयों का शाल, श्रीफल, ट्री पॉट वीर राजे चिमना बहादूर की किताक व स्मृतिचिन्ह भेट कर सत्कार किया गया। इस समारोह मे आमगाव तहसील रिसामा ग्राम के शराबबंदी आंदोलन पर बनी लघु फिल्म 'द राईज एक्शन' की रौचक कहानी को पर्दे पर दियाया गया। समाज की कुरितियो पर कडा प्रहार करते हुए फिल्म ने समाज मे सकारात्मकता का संदेश दिया। जिसकी श्रोताओ ने मुक्त कंठ से सराहना की है। इस रंगारंग कार्यक्रम मुंडीकोटा, कामठा, चोपा, चारगाव, गोंदिया, शहारवाणी, साखरीटोला, राधाबाई नर्सिंग कॉलेज के छाय-छात्राओं ने नाट्य, नृत्य प्रस्तूत किए। इस समारोह मे बालाघाट के लेखक विपिन बिहारी सांडिल्य, भजेपार के सरपंच चंद्रकुमार बहेकार, लावणी डान्सर अशरफ जावेद खान पठाण, नॅशनल लॉ युनिवर्सिटी की यामिनी गजानन उमरे, मुंबई की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ममता नंदागवली का अतिथीयों के हस्ते सत्कार किया गया।

नाटक व नृत्य की शृंखला मे श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आदिवासी गोंडी नृत्य जांभडी को प्रथम व शहिद जान्या तिम्या हायस्कूल गोरेगाव की छात्राओं को जयभीम नृत्य पर व्दितीय पुरस्कार दिया गया। जबकि तृतीय पुरस्कार ही हकदार जि.प.हायस्कूल चुटिया व चतुर्थ पुरस्कार राधाबाई नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को बंगाली डान्स के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम मे प्रा.सविता बेदरकर, धन्नालाल नागरीकर, डा.प्रकाश धोटे, मुरलीधर माहोरे, पुर्व पार्षद भावना कदम, गजानन फुंडे, एड.ओमप्रकाश मेठी, वैâलाश भेलावे, मुन्नालाल यादव, रूपाली खांदेकर, शामराव बहेकार, सुशिला बहेकार रामकृष्ण चौधरी सहित शैकडो नागरिक उपस्थित थे. संचालन शालु कृपाले व ज्योती कोटांगले ने संयुक्त रूप से किया। वही आभार प्रदर्शन का दायित्व व्यसनमुक्त पहाट उत्सव समिती अध्यक्ष सतिश नागीरेड्डी ने किया।

# यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था के अध्यक्ष पद पर विवाद

## > संचालकों ने की बदलाव की मांग

**वर्धा.**

वर्धा जिला मध्यवर्ती बैंक घाटे में चलने के बावजूद, सहकार महर्षि के रूप में प्रसिद्ध देशमुख परिवार ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को जारी रखा है। जिले के किसानों में देशमुख परिवार के प्रति बढ़ती नाराजगी के बीच, यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था में आंतरिक कलह भी खुलकर सामने आ रही है।

केलझर स्कूल के सेलडोह परिसर में शराब के गिलास पाए जाने के बाद शिक्षा अधिकारी ने स्कूल बंद करने की सिफारिश की। इस घटना ने निदेशक मंडल को हिला दिया है। ऐसे में संस्था के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व विधायक सुरेश देशमुख को फिर से अध्यक्ष पद संभालने की मांग उठी है। सूत्रों के अनुसार, सुरेश देशमुख के बेटे समीर देशमुख के अध्यक्ष बनने के बाद स्कूलों में समस्याएं बढ़ गई हैं। समीर ने देवली विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे। चुनाव हारने के बाद उन्हें यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था का अध्यक्ष बनाया गया। लेकिन संस्था की लगातार हो रही उपेक्षा और बढ़ती अव्यवस्थाओं ने संचालकों को परेशान कर दिया है। 6 दिसंबर को शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मनीषा भडंग ने स्कूल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान, स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जबकि परिसर में शराब के गिलास बिखरे हुए मिले। इसके बाद, भडंग ने शिक्षा उपनिदेशक को रिपोर्ट भेजकर स्कूलों को बंद करने की सिफारिश की। इस घटना के बाद, संस्था के निदेशक अमृत राऊत, किशोर अहेर, रंजीत शिंदे और शशांक घोड़मारे ने सुरेश देशमुख से मुलाकात की। उन्होंने सुरेश देशमुख से संस्था की कमान संभालने का अनुरोध किया, क्योंकि समीर देशमुख संस्था के कामकाज में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। समीर देशमुख के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं के चलते संचालकों में रोष है। इसके अलावा, समीर के भाई संदीप देशमुख का नाम भी राजनीति और संगठन में चर्चा का विषय रहा है।



यशवंत शिक्षा संस्था में व्याप्त इस संकट ने न केवल संगठन को बल्कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित किया है। अब देखना यह होगा कि सुरेश देशमुख फिर से अध्यक्ष पद संभालते हैं या नहीं।

# जिले की 5413 माताओं ने लिया 'मातृत्व अनुदान' का लाभ

**गोंदिया.**

गर्भवती महिला एवं माताओं के स्वस्थ जीवन के लिए देशभर में अनेक योजनाएं चलाई जा रही है. देश के नवसंजीवनी कार्य क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले परिवार के गर्भवती माताओं को आर्थिक लाभ देने के लिए केंद्र सरकार ने मातृत्व अनुदान योजना 25 जून 1995 में शुरू की है. इस योजना के तहत तीन वर्षों में जिले की 5,413 महिलाओं ने लाभ लिया है.आदिवासी क्षेत्रों की माता व शिशु मृत्यु दर को कम करने के साथ-साथ आदिवासी लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति सुधारकर उनका जीवनमान बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के चयन नवसंजीवनी आदिवासी गांव के लिए यह योजना चलाई जा रही है.



जिले में 368 नवसंजीवनी आदिवासी गांव की गर्भवती के लिए मातृत्व अनुदान योजना नवसंजीवनी साबित हो रही है. योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए करीब के शासकीय अस्पताल के आशा, स्वास्थ्य व आंगनवाड़ी सेविकाओं से संपर्क करें. ऐसी अपील जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितीन वानखेडे ने की है. मातृत्व अनुदान योजना गर्भवती माताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच हो, उन्हें समय पर पर्याप्त भोजन मिले, गर्भावस्था के दौरान व बाद में उन्हें आराम मिले इस दृष्टि से चलाई जाती है. इस योजना में गर्भावस्था में 400 रु. व 400 रु. दवाई इस प्रकार प्रत्येक लाभार्थी को कुल 800 रु. का लाभ दिया जाता है. इस योजना का लाभ 2 जीवित बच्चे (दो जीवित बच्चे व वर्तमान में गर्भवती) रहने वाली आदिवासी महिलाओं को दिया जाता है. इस योजना के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक खाते के पासबुक के झेरॉक्स की कॉपी, गर्भावस्था पंजीकरण कार्ड, आयु एवं जाति प्रमाण पत्र तथा प्रसूति कार्ड आवश्यक है. इस योजना के तहत आदिवासी एवं अनुसूचित जनजाति की गर्भवती महिलाएं, सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं को लाभ दिया जाएगा. इसी प्रकार दो जीवित बच्चों (2 जीवित बच्चे व वर्तमान में गर्भवती) वाली आदिवासी महिलाओं को लाभ दिया जाएगा.

# एसपी विशाल आनंद का ग्रामीण पुलिस को तोहफा

**अमरावती.**

एसपी विशाल आनंद ने 1 जनवरी 2025 से पुलिस बल की सभी शक्तियां, सेवा रिकॉर्ड और कार्यालय कार्य को ई-एचआरएम प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन करने की शुरुआत की। इसी तरह अब एसपी विशाल आनंद ने ग्रामीण पुलिस को एक और तोहफा दिया है। नए साल में जनशक्ति और अन्य जांच गतिविधियों की योजना बनाने के लिए अब एक 'नेल्सन ऑपरेटिंग सिस्टम' पेश किया गया है। इस व्यवस्था से अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कार्यभार कम होगा।



पिछले कुछ वर्षों में अमरावती ग्रामीण पुलिस बल में शामिल हुए नए पुलिस कर्मियों को कंप्यूटर, टाइपिंग, अंग्रेजी, मराठी टाइपिंग का ज्ञान है। इससे पुलिस विभाग को लाभ होगा और जनशक्ति पर तनाव कम होगा, नेल्सन से नेल्सन कार्य के मामले में ग्रामीण पुलिस बल को 1 जनवरी 2025 से लागू किया जाएगा। कई अधिकारी और कर्मचारी पुलिस स्टेशनों में तैनात होते हैं। उनके पास थाने का कोई महत्वपूर्ण स्वतंत्र कार्य नहीं होता। ऐसे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के पास जांच प्रक्रियाओं, अचानक कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के कौशल के साथ-साथ जनसंपर्क आदि का अनुभव नहीं होता है। जिसके परिणामस्वरूप कई बार वे परिस्थिति के सामने विफल हो जाते हैं, काम में देरी होती है और इसका दबाव अन्य कर्मचारियों पर पड़ता है। इससे लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि होती है। इसके लिए थाने में क्राइम राइटर, खुफिया विभाग, हेड मोरर जैसे यह कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के अलावा थाने में बीट में नियुक्त होने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्य रूप से नेल्सन की कार्य प्रणाली में बीट में जांच, आवेदन जांच का कार्य सौंपा जाएगा।

# दो बछडों को बनाया शिकार वन्य जीव की पहचान नहीं

**गोंदिया.**

तहसील के ग्राम खमारी में खेत में बंधे गाय के दो बछडों का किसी वन्य जीव द्वारा शिकार करने के करना ग्रामीणों में दहशत का वातावरण है। शिकार करनेवाला वन्य तीव बाघ है अथवा तेंदुआ ? यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खमारी निवासी किसान नरेश अमृत येडे का खेत गांव से आधा किलो मीटर दुर है। 27 दिसंबर की रात येडे ने एक खेत में तीन गाय एवं दुसरे खेत में दो बछडे बांधकर रखे थे। रात्री के समय वन्य प्राणी ने बछडों पर हमला कर उसका शिकार कर लिया। दुसरे दिन सुबह जब किसान येडे अपने खेत में पहुँचे तो उन्हें एक बछडा मृत अवस्था में दिखाई पड़ा, जबकी दुसरे के अवशेष ही दिखाई पड़े। उन्होंने इसकी जानकारी गांव के सरपंच झनकलाल येडे तथा वन विभाग के अधिकारियों को दी। घटना की जानकारी गांव में फैलते ही उनके खेत में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वन कर्मचारियों ने घटनास्थल पर आकर पंचनामा किया। इस घटना में नरेश येडे का लगभग 50 हजार रूपयों का नुकसान हो गया। हिंसक वन्य प्राणी के गांव में आकर शिकार करने से ग्रामीणों में दहशत है।

सहायक वनपाल ए.एफ.बेग ने बताया की शिकार किये हुए बछड़े का मांस खाने के लिये वन्यजीव दुबारा आ सकता है, जिसे देखते हुए उसकी पहचान के लिये खेत में कैमरे लगाये जायेगे, ताकि शिकार करनेवाले वन्यप्राणी की पहचान कर उचित कार्रवाई की जा सके।

# जिले के तालाबों पर दिखाई दे रहे दुर्लभ विदेशी पक्षी

**गोंदिया.**

प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में गोंदिया जिले के अनेक प्रसिध्द तालाबों में सायबेरीया, युरोप एवं अन्य देशों से बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी हजारों किलोमीटर का सफर तय कर यहां पहुँचते है एवं सर्दी खत्म होते ही वापस अपने वतन को लौट जाते है। यहां आनेवाले प्रमुख पक्षीयों में ग्र लेग गुज, क्रिस्टेड पोचार्ड, पींटेल, गडवाल, पेंन्टेड स्टॉर्क आदि प्रजातियों के पक्षीयों का प्रमुखता से समावेश होता है। इसी बीच गोंदिया तहसील के ग्राम खमारी के कटंगटोला तालाब में रविवार को एक अनोखा पक्षी देखा गया, जिसे पक्षी मित्र गौरव बेलगे ने अपने कैमरे में कैद किया। इस पक्षी के विषय में एक्सपर्ट से बात करने पर पता चला की, यहां पैरेग्रीन, फाल्कन, नामक पक्षी है। यह पक्षी फाल्कन फैमिली से आता है और विशेष बात है की यह पक्षी सबसे ऊंचे स्तर से आता है। दुनिया भर के साईटीफीक सर्वे के अनुसार यह पक्षी सबसे तेज ऊडान भरनेवाला एक मात्र पक्षी है, जिसकी स्पीट 390 किलो मीटर प्रती घंटा तक होती है। गोंदिया के इतिहास में इसकी फोटो दो बार रिकॉर्ड में मिल पायी है,जिसमें सबसे पहले यह फरवरी 2023 में पक्षी मित्र डा.दीपकिसन बिसेन को मिला था, उसी श्रृखंला में इस वर्ष यह पक्षी मित्र गौरव बेलगे को दिखाई पड़ा है। इसके साथ तालाब में पेंन्टेड स्टॉर्क नामक पक्षी भी बड़ी संख्या में दिख रहे है, जिनका हिन्दी नाम जांघिल है। दिखने में यह पक्षी भी बहुत सुंदर दिखाई पड़ता है। यह पक्षी सर्दी के मौसम में ही स्थानीय नागरीकों को दिखाई पड़ते है।



# हर्षोल्लास से किया नए साल का स्वागत




**वर्धा.**

धंतोली स्थीत केडीएम प्रिस्कूल मे नए साल का स्वागत हर्षोल्लास से किया l इस अवसर पर स्कूल मे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीयोने नए पिढी के लिए यातायात के नियमो पर लघुनाटिका प्रस्तुत करके छात्रो को सभी यातायात के सभी चिन्ह के महत्व समझाएl कार्यक्रम की सफलता के लीए शीक्षिका अश्विनी इंगोले, अश्विनी नंदरधने, चैताली नंदरधने, मंजुषा नोकरकर , मनिषा ढूनधूने, प्रिया भूते आदी शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों का सहयोग मीला.

# राष्ट्रीय महामार्गों पर डिवाइडर के अभाव में बढ़ रही दुर्घटनाएं

**गोंदिया.**

जिले के 5 से 6 महामार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग का दर्जा दिया गया है. इसी के अनुरूप इस राष्ट्रीय राज्य मार्ग का चौड़ाईकरण व नव निर्माण किया जा रहा है. इनमें से कुछ मार्गों के कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि कुछ निर्माणाधीन हैं. वहीं ये मार्ग संचार और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सड़क विभाजन की कमी के कारण ये राष्ट्रीय राज्य मार्ग अब दुर्घटनाओं का प्रवेश द्वार बनते दिख रहे हैं. ऐसे में उक्त मार्ग से यात्रा करना जानलेवा साबित होता जा रहा है.जिले के गोंदिया-आमगांव, आमगांव-देवरी,गोंदिया-गोरेगांव-घोटी, कोहमारा-अर्जुनी मोरगांव, तिरोड़ा-गोंदिया, तिरोड़ा-तुमसर राज्य मार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग का दर्जा दिया गया है. इनमें से देवरी-आमगांव, गोंदिया-गोरेगांव-घोटी, कोहमारा-अर्जुनी मोरगांव का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है. अन्य मार्ग निर्माणाधीन हैं. देश में मार्ग विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं. मार्ग संचार का मुख्य साधन हैं और मार्ग शहर, गांव और समग्र राज्य और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. इसके अनुसार जिले में कुल 5 से 6 राष्ट्रीय राज्य मार्ग निर्माणाधीन हैं. जिले में जहां सैकड़ों किलोमीटर नए और पुराने मार्गो के कार्य किए जा चुके है, वहीं इन पर काम भी चल रहा है. लेकिन दूसरी ओर सरकार के मानक के अनुरूप बनाए जा रहे राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर शहरी क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों पर रोड़ डिवाइडर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं. अतः इन मार्गों के समतल हो जाने पर भी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है.



# आधार सेंटर निजी कंपनी को देने की साजिwश

## > जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**गोंदिया.**

आधार पंजीयन संच एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है. गोंदिया जिले और राज्य के आधार पंजीकरण केंद्र संचालकों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि यह मामला महाआईटी के माध्यम से अनुचित है, या वीएलसी के माध्यम से आधार कार्ड का काम जारी रखा जाना चाहिए.

जिले में पिछले कई वर्षों से सरकारी संस्था महाआईटी के माध्यम से आधार संबंधी कार्य किए जा रहे हैं. नियमानुसार सभी कार्य आधार केंद्र संचालकों द्वारा किए गए हैं. लेकिन, पिछले कुछ सालों से तय कमीशन न मिलने के बावजूद कारोबार सुचारू रूप से जारी है. वहीं, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से आधार पंजीकरण संच जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे आधार केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है और खबर है कि इस केंद्र को चलाने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया जा रहा है. इससे मौजूदा आधार केंद्र संचालको को रोजगार खोने का डर है और यह अन्याय है. गोंदिया जिले के आधार नामांकन केंद्र संचालक ने गोंदिया जिला प्रशासन को एक ज्ञापन में मांग की है कि आधार केंद्र का काम महाआईटी के माध्यम से या वीएलसी के माध्यम से जारी रखा जाए. ज्ञापन की प्रतियां जिलाधीश, जिप सीईओ और जिला महिला व बाल कल्याण अधिकारी, महाआईटी जिला समन्वयक गोंदिया को दी गई हैं. प्रतिनिधि मंडल में राकेश बघेले, आरती रामटेके, पंकज परशुरामकर, नीलकंठ बोरकर, अमोलकुमार कावले, सुषमा पटले, संदीप मेश्राम, भास्कर तागड़े, सुनीलकुमार भेंडारकर, सुशांत कुथे, दुलीचंद निखाड़े, गोविंद उके, आदि का समावेश था.

# तुअर की कीमत में दो हजार रुपये की गिरावट

## > गारंटी मूल्य का नहीं मिल रहा कोई फायदा

**अकोला.**

तुअर के किसानों के घर तक पहुंचने का समय आते ही कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। अकोट की कृषि उपज बाजार समिति में पिछले 15 दिनों में तुअर की कीमत 2,000 रुपये तक गिर गई है। केंद्र सरकार ने इस साल तुअर के लिए 7,550 रुपये प्रति क्विंटल की गारंटी मूल्य की घोषणा की है।

अकोट में किसानों के तुअर की फसल पर जोर देने के कारण इस वर्ष तुअर के उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। लेकिन कीमत लगभग दो हजार रुपये कम होने से किसान आर्थिक संकट में हैं।



**घोषणा के बाद भी कोई फायदा नहीं**

किसानों का आर्थिक शोषण करने वाले व्यापारियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होने से अकोट बाजार में ऐसी स्थिति है कि कृषि उपज की गारंटी कीमत की घोषणा के बाद भी उसका कोई फायदा नहीं हो रहा है।

एक तरफ सरकार किसानों के माल पर सरकारी गारंटी देकर मुक्त हो रही है और दूसरी तरफ सरकार की गारंटी को बाजार में चढ़ाकर किसानों का माल व्यापारियों से सस्ते दाम पर खरीदा जा रहा है।

# नववर्ष के पहले दिन मंदिर में लगा भक्तों का तांता

## > रात भर चलते रहे दर्शन

**बुलढाणा.**

नया साल हो और शेगांव में संत गजानन महाराज के दर्शन की बात न हो, तो मानो साल अधूरा रह जाए। 31 दिसंबर की रात से ही मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है। सैकड़ों नहीं, बल्कि लाखों लोग श्री के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए।

लाइन में खड़ा हर भक्त नए साल की शुरुआत संत गजानन महाराज के आशीर्वाद से करना चाहता था। ताकि उनका पूरा साल खुशहाल बीते। मंदिर में मंगलवार शाम से ही हजारों भक्त पहुंचने लगे थे। साल 2024 को विदा करते हुए और 2025 का स्वागत करते हुए भक्तों ने गजानन महाराज के चरणों में प्रार्थना की। मंदिर प्रबंधन ने दर्शन और महाप्रसाद के लिए बेहतरीन व्यवस्था की थीं।

पहली जनवरी के मौके पर मंदिर को रातभर खुले रखा गया ताकि भक्तों को दर्शन में कोई असुविधा न हो। भजन-कीर्तन और खास आरती के आयोजन ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया।

विदर्भ की पंढरी शेगांव में संत गजानन महाराज के दर्शन के साथ लाखों भक्तों ने नए साल की शुरुआत की।

हर कोई यही प्रार्थना कर रहा है कि यह साल खुशियों और सफलताओं से भरा हो।

# प्लास्टिक कचरा मवेशियों के लिए बन रहा घातक

**गोंदिया.**

स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ सुथरा रखने नगर परिषद प्रशासन की कवायदों के बीच शहर में कूड़ों पर पड़ा प्लास्टिक कचरा आवारा मवेशियों के लिए घातक साबित हो रहा है. प्रतिबंध के बावजूद दूकानदार नागरिकों को मजबूरी में ही सही पॉलीथिन में सामान देने के लिए विवश है. वहीं उपयोग के बाद कूड़े कचरे के ढेर में यहां वहां बिखरी पॉलीथिन की थैलियां पशुओं की जान से खिलवाड़ कर रही है. जिस दिन पॉलीथिन बंदी का निर्णय लिया गया और आदेश दिया गया कि जिस किसी भी दूकानदार के पास पॉलीथिन दिखाई देती है, उन पर कार्रवाई की जाए. उसके दो से तीन ही दिन शहर में कार्रवाई का ढिंढोरा पीटा गया. लेकिन अब यह अभियान थमा हुआ सा नजर आ रहा है. वास्तव में देखा जाए तो शहर में पॉलीथिन पर प्रतिबंध नहीं दिखाई दे रहा है. क्षेत्र में कई ऐसे मवेशियों को आसानी से दखा जा सकता है कि जिनका पाचन तंत्र डिस्टर्ब होने की वजह से गोबर उनकी नाक से निकलता रहता है. संभव है कि पॉलीथिन उनके पेट में जाने पर उनकी आंतों को ही अवरुद्ध कर देता हो. जिसकी वजह से उनका शौच निर्धारित जगह के बदले उनके नथुनों से निकलना शुरू कर देता है. पशुपालकों की माने तो ऐसे मवेशी जो पॉलिथीन थैलियों में भरकर फेंकी गई खाद्य सामग्री को खाने के चक्कर में पॉलिथीन निगल लेती है. कुछ दिनों के बाद मौत का शिकार भी हो जाती है. ऐसे में घातक पॉलिथीन बंदी को लेकर प्रशासन उदासीन नजर आ रहा है.



कोई नहीं कर रहा आदेश का पालन

शासन की ओर से प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं पर बैन लगाया गया है. लेकिन शहर में कोई भी शासन द्वारा लगाए गए बैन का पालन नहीं कर रहा है. चारों ओर बड़े पैमाने पर पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है. सब्जी बाजार में ग्राहकों को आसानी से पॉलिथीन उपलब्ध हो रही है. ऐसे में संबंधित विभाग भी उदासीन नजर आ रहा है.

# नागपुर महानगरपालिका की अनोखी पहल

> बाकी रह गए संपत्ति कर पर 80% दंड माफी

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका ने नए साल की शुरुआत पर शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के नेतृत्व में "संपत्ति कर अभय योजना 2024-2025" शुरू की गई है। इस योजना के तहत संपत्ति कर पर लगने वाले 80% दंड को माफ करने का प्रावधान किया गया है।




यह योजना 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी। इस अवधि में बकाया संपत्ति कर जमा करने वालों को 80% शास्ति/दंड की छूट दी जाएगी। इससे मनपा को लगभग 200 करोड़ रुपये की वसूली की उम्मीद है। वर्तमान में 31 दिसंबर 2024 तक 286,399 संपत्ति मालिकों पर 8501.07 करोड़ रुपये का बकाया कर है, जिसमें से 7704.52 करोड़ रुपये का ब्याज और दंड शामिल है। सरकारी और विवादित संपत्तियों पर भी बड़ी रकम बकाया है, जो क्रमशः 30.73 करोड़ और 227 करोड़ रुपये है। योजना के तहत बकाया करदाताओं को मूल राशि के साथ 20% दंड जमा करना होगा। इस योजना का लाभ केवल तय अवधि में भुगतान करने वालों को ही मिलेगा। योजना की समाप्ति के बाद, बकाया कर पर लगने वाली पूरी शास्ति वसूली जाएगी। मनपा ने स्पष्ट किया है कि जो संपत्ति धारक इस योजना का लाभ नहीं लेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम 1949 के तहत बकायादारों की संपत्ति जब्त करने जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे.

नागपुर महानगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाया कर का जल्द से जल्द भुगतान करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करें।

### नियम और शर्तें

1. योजना 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी।
2. बकाया संपत्ति कर और 20% शास्ति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 का संपत्ति कर जमा करना अनिवार्य है।
3. योजना का लाभ केवल उक्त अवधि में किए गए भुगतान पर ही मिलेगा।
4. योजना से पहले या बाद में किए गए भुगतान पर कोई रिफंड या दावा मान्य नहीं होगा।
5. योजना का लाभ न लेने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# आवारा जानवरों से मुक्त होंगे रास्ते

> नंदग्राम समेत कई योजनाएं पूर्ण होने की संभावना

**नागपुर.**

इस साल लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले मनपा से अनेक महत्वपूर्ण परियोजना में 2200 करोड़ रुपए के नाग नदी पुनरुज्जीवन प्रकल्प, 900 करोड़ रुपए की पोहरा नदी प्रदूषणमुक्त योजना, लंबे समय से प्रतिक्षारत नंदग्राम मवेशी योजना को मंजूरी देकर आरंभ किया गया है। हालांकि दोनों नदी को प्रदूषणमुक्त प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन इस साल 104 करोड़ रुपए से वाठोड़ा में नंदग्राम योजना के मूर्त रूप लेने की उम्मीद है।

करीब 20 सालों से नई नियुक्ति नहीं होने से मनपा में परेशानी का आलम है। अनेक पद पर प्रभारी अधिकारी महत्वपूर्ण स्थानों को संभाल रहे थे, लेकिन नए आकृतिबंध को मंजूरी मिलने और उपराजधानी के मुख्यमंत्री होने से पद भर्ती और भरपूर अनुदान से विकास योजनाओं के पूरा होने की उम्मीद बंध गई है। महानगरपालिका को नगर विकास विभाग से 10 मई 2023 के शासन निर्णय के मुताबिक 17981 पदों के एकत्रित आकृतिबंध को मान्यता मिली है। हाल ही में आंतरिक पदोन्नति समिति प्रभारी शिक्षणाधिकारी एवं मुख्याध्यापक साधना सयाम, गांधीबाग जोन के सहायक आयुक्त गणेश राठौड़ को उपायुक्त, 9 उप अभियंताओं को कार्यकारी अभियंता, 34 कनिष्ठ अभियंताओं को उप अभियंता के रूप में पदोन्नति दी है। इसके साथ ही 245 नए पद के लिए भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ कर दी है। इन पदों में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 36 पद, कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) के 3 पद, नर्सेस के 52, वृक्ष अधिकारी 4 और स्थापत्य अभियांत्रिकी सहायक के 150 पद समेत 245 पदों का समावेश है।



> 11 चौराहों का 3.16 करोड़ से पुनर्गठन
> रोशनी से जगमग होंगे 5 उड़ान पुल
> स्मार्ट सिटी के स्मार्ट शौचालयों से उम्मीद

मनपा के ट्रैफिक विभाग से चौक पुनर्गठन प्रोजेक्ट में छापरूनगर चौराहा, वर्धमान नगर, जापानी गार्डन चौक, सेवासदन चौक, सीए रोड पर गांधीपुतला चौक, गंगाबाई घाट चौक, श्रद्धानंद पेठ चौक, रानी दुर्गावती चौक, बैद्यनाथ चौक, सरदार पटेल चौक, काटोल नाका चौक और हसनबाग चौक को शामिल किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए सी-20 के लिए प्रस्तावित निधि से 2.08 करोड़ और शहर सौंदर्यीकरण में 1.8 करोड़ समेत कुल 3.16 करोड़ खर्च किया जा रहा है। चौराहों के पुनर्गठन व्यवस्था में फुटपाथ चौड़ाईकरण के साथ चौक पर सिग्नलों के समीप यातायात आईलैंड से सुरक्षित पैदल मार्ग, पैदल यात्रियों के लिए छोटे और सुरक्षित क्रॉसिंग बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक प्रतhक चिन्हों से वाहनचालकों को पूर्व-सूचना भी दी जाएगी। अब तक सेवासदन चौक, छापरूनगर चौक, जापानी गार्डन चौक, श्रद्धानंद पेठ चौक, वर्धमान नगर चौक, सीए रोड के गांधी पुतला चौक और गंगाबाई घाट चौक पर काम पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 4 चौराहे सरदार पटेल चौक, जूना काटोल नाका, बैद्यनाथ चौक और हसनबाग चौक नए साल में नए रूप में दिखाई देंगे।

# विकासखंड स्तरीय चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सौंसर.**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड सौसर में सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर असोसिएशन के द्वारा वर्ष के समापन दिवस पर आज दिनांक 31/12/2024 दिन मंगलवार को सेक्टर क्रमांक 1 के ग्राम पंचायत रिधोरा के अंतर्गत घोघरा वाटरफॉल में जिला समन्वयक श्री अखिलेश जी जैन एवं विकासखंड समन्वय श्री अनिल जी बोबडे के मार्गदर्शन मे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री अजय जी चोरी के प्रमुख अतिथि नर्मदा परिक्रमा प्रमुख संत श्री श्रवण जी बड़खड़े के द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले घोघरा गांव में स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली गई तालाब के किनारे




सफाई की गई कूऐ के आसपास तथा कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डालकर सफाई कि गईं तथा सड़कों की सफाई कर आदि कार्यक्रमों का निर्वाह किया गया जिसमें ग्राम पंचायत की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया जिसमें सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर असोसिएशन के योगेश सोमकुवर श्री गोपाल कोठे दिनेश पाटिल हेमंत हिवरकर पंकज रंगारे अश्विनी सहारे जानवी ठोसर शिवानी बोडखे परामर्शदाता श्री सुभाष ठाकरे सुनील डोंगरे दिनेश सोमकुवर एवं नवांकुर संस्था सुखदेव पाटिल एसके सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित थे सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी ज्योति सोमकुंवर वेणुगोपाल सदारंग श्रेया शुक्ला मयूरी वाकोडे रजनी उईके रूपाली काले पल्लवी जोगी प्रीति वाहने निधि लोनकर नीरज श्रीवास्तव दुर्गा परतेति नीलम धुर्वे पूजा इंगले भुवन गज भी है मयूर कोलारे दिव्या लोंनकर आदि विद्यार्थी तथा अतिथि होमश्वर मोहड उपसरपंच अमोल रंगारे दिनेश लाड़से प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

# पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने निर्माणाधीन बायपास मार्ग का निरीक्षण किया

> जनवरी 2025 के अंत तक एकतरफ़ा यातायात के संकेत

**भंडारा.**

लगातार ट्रैफिक जाम और नागरिकों की परेशानी को देखते हुए पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने लगातार बाईपास रोड को पूरा करने और इसे लोगों की सेवा में लाने का प्रयास किया है। उन्होंने उस सड़क का निरीक्षण किया जो वास्तव में निर्माणाधीन है और राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और विकासकर्ता कंपनी से चर्चा की। बैठक के बाद पूर्व खान का मानना है कि उक्त सड़क का 3 स्तरीय निर्माण पूरा हो चुका है और जनवरी 2025 के अंत तक यह सड़क शुरू हो जायेगी. पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने व्यक्त किये.

पिछले कुछ महीनों से भंडारा शहर के बाहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है. दूसरी ओर, शहर में भारी ट्रैफिक जाम के कारण नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है. सुनील मेंढे ने राष्ट्रीय राजमार्ग के वास्तविक कार्य स्थल का दौरा और निरीक्षण किया। इस अवसर पर मेंढे ने प्रारंभ से अंत तक चल रहे कार्यों का



अवलोकन किया. वैनगंगा नदी पर कोरांबी में चल रहे पुल निर्माण का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 6 लेन सड़क के एक तरफ 3 लेन सड़क का काम लगभग पूरा हो चुका है. इस समय पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने अन्य तकनीकी पहलू भी सीखे.

इस मौके पर सुनील मेंढे ने जानकारी देते हुए कहा, जब मैं सांसद था तो भंडारा में यातायात की भीड़ और असुविधा को देखते हुए मैंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बायपास मार्ग के लिए अनुरोध किया था. भंडारा जिले के साथ हमेशा खड़े रहने वाले नितिनजी ने मांग स्वीकार कर ली और वास्तविक काम शुरू हो गया.

यह सड़क जनवरी 2023 तक पूरी होनी थी। लेकिन नदी पर पुल के डिजाइन में बदलाव और भीलेवाड़ा में नए पुल के निर्माण के कारण समय बीतता गया। आज मार्ग के 6 में से 3 स्तरों का काम पूरा हो चुका है. बाकी 3 चरणों का काम भी मार्च में पूरा हो जाएगा. फिर भी हम तब तक तैयार हो चुकी 3-लेवल सड़क से यातायात शुरू करने का प्रयास करते रहेंगे। पूर्व सांसद सुनील मेंढेने उम्मीद जताई कि इस संबंध में बातचीत हो चुकी है और जनवरी 2025 के अंत तक एक तरफ से यातायात शुरू हो जाएगा. पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने हाईवे अथॉरिटी और डेवलपर कंपनी के अधिकारियों से बात की है और उन्हें इस संबंध में निर्देश दिए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि मुजबी से भंडारा शहर तक गुजरने वाले राजमार्ग और भंडारा-तुमसर-बालाघाट राजमार्ग का काम तुरंत शुरू किया जाएगा.

इस अवसर पर राजमार्ग अधिकारी विलास इंगले, प्रशांत शिरभाते, एन. के. रावत, सुधीर पवार , प. स. सभापती भंडारा अध्यक्ष सुश्री रत्नमाला चेटूले, उपाध्यक्ष प्रशांत खोबरागड़े, भाजपा शहर अध्यक्ष सचिन कुंभलकर, प्रशांत निंबोलकर, शैलेश मेश्राम, शिव अज़बले, राजू भोजवानी, राजेश टीचकुले, विनोद भूरे, बंटी तांडेकर, प्रशांत पुरुषार्थी, सचिन तिरपुडे, दीम्मू शेख, फईम सैयद , रमेश चोपकर, गुरु पटेल, रमेश सकुरा, अजय ब्राह्मणकर, चंद्रकला भोपे, श्रद्धा डोंगरे, माधुरी तुमाने, जया हिंगे, मनीषा भुते सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्रीय जल आयोग में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए हुई कार्यशाला



**नागपुर.** सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, सेमिनरी हिल्स नागपुर स्थित केंद्रीय जल आयोग में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए "राजभाषा नीति व कार्यान्वयन" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान हेतु आयकर विभाग के उपनिदेशक व विषय विशेषज्ञ श्री. अनिल त्रिपाठी, 'बेबाक' को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में भारत सरकार की राजभाषा नीति क्या है और कार्यालय में इसका सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कैसे सुनिश्चित करना है इस पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. कार्यालय में राजभाषा नीति के अनुपालन को कैसे बेहतर किया जाए इस पर भी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। लगभग सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति से चर्चा सत्र को अधिक रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भीमा कोरेगांव में शौर्य दिवस मनाया

> शहीद शूरवीरों को दी मानवंदना

**सौंसर.**

भीमाकोरगांव शौर्य दिवस पर बौद्ध आंबेडकरी सामाजिक संगठनों व अनुयाइयों द्वारा शहीद शूरवीरों को को जयभीम सलामी मानवंदना दी गई। सर्वप्रथम बौद्ध विहार सौंसर परिसर समता सैनिक दल के ध्वज का ध्वजारोहण हुआ, पश्चात विहार में सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना हुई। सभी बौद्ध-आंबेडकरी संगठनों व अनुयाइयों द्वारा एक होकर विहार से पथ डॉ अंबेडकर तिराहे पर पहुंचकर बाबासाहेब आंबेडकरजी के प्रतिमा व भीमाकोरगांव शौर्य विजय स्तंभ की प्रतिकृति समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलन, माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर पुष्पचक्र (रीत) अर्पित कर जयभीम सलामी देकर मानवंदना अभिवादन किया गया।

इसी कड़ी में अन्नाभाऊ साठे चौक में लोकशाहीर साहित्य भूषण



अन्नाभाऊ साठे जी, शहीद चौक स्थित शहीद भगत सिंह जी व बाजार परिसर में संविधान चौक पर डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के छायाचित्र समक्ष सलामी व अभिवादन किया।

बौद्ध विहार में शौर्य दिवस पर वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त कर सामाजिक इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर समता सैनिक दल, भारतीय बौद्ध महासभा, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, डॉ बाबासाहब आंबेडकर नवयुवक मंडल,अन्नाभाऊ साठे संगठन, बोधिसत्व विकास समिति, बौद्ध युवक परिचय सम्मेलन समिति, गोंडवाना संगठन,भीम आर्मी, डॉ आंबेडकर गृह निर्माण समिति सौंसर, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, आदि बौद्ध आंबेडकरी सामाजिक संगठन व अनुयाईगण मौजूद रहे।

# दि बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक स्नेहसम्मेलन संपन्न

> बाल-गोपालों के प्रस्तुतियों ने उपस्थितों का दिल जीत लिया

**लाखांदूर.**

अंतरगावं/चीचोली स्थित दि बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल लाखांदूर के वार्षिक स्नेहसंमेलन 28 दिसंबर 2024 को उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतरगावं स्थित स्कूल के भव्य मैदान में हुआ। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में पद्मशिल आर ढाले, माजी न्यायाधीश तथा मुख्य प्रवर्तक बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल औरंगाबाद, अध्यक्ष के रूप में ज्ञानेश्वर दुर्गादास रक्षक, बहुजन उद्योजक सुपर बाजार नागपुर, विशेष अतिथि के रूप में संध्या राजूरकर, संपादक दैनिक बहुजन सौरभ नागपुर, ऍडव्होकेट एच डी कांबळे, कायदे सलाहकार नागपुर, प्रा डॉ नंदाताई बारसागडे, सेवानिवृत्त ग्रंथपाल मुंबई, सुद्धोधन बडवणे, गणेश बगमारे, पांडुरंग डांगे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, निषाद लांजेवार पत्रकार, आकाश



लांजेवार पत्रकार उपस्थित थे।

उपस्थित अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उसके बाद छात्रों द्वारा नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोही कार्यक्रम में 28 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में पांडुरंग डांगे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक अर्जुनी मोरगाव अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। प्रमुख अतिथि के रूप में सुमनताई कान्हेकर, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजि महेंद्र बारसागडे, संचालक बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल, महादेव घरडे, सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक, सुनिल बारसागडे, पत्रकार, विश्वापाल हजारे, पत्रकार, मनोज भुरले, पं.स. सदस्य, तथा अन्य अतिथि उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद, पुरस्कार वितरण प्रमुख अतिथियों के हाथों हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और माता-पिता ने भरपूर सहयोग दिया, जैसा कि महेंद्र बारसागडे, संचालक ने बताया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 690-5 | 340-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 789-4 | 268-6 |
| प्रभात | 246-2 | 147-2 |
| प्रभात नाईट | 370-0 | 790-6 |
| डायमंड | 123-6 | 458-7 |
| मेन बाजार | 134-8 | - |
| मिलन डे | 348-5 | 337-3 |
| मेन रतन | 450-9 | 590-4 |
| कल्याण | 229-3 | 599-3 |
| राजधानी डे | 357-5 | 147-2 |
| राजधानी नाईट | 790-6 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 370-0 | 149-4 |

# नीचे ट्रेनें दौड़ेंगी, ऊपर टिकट मिलेगी

> विश्वस्तरीय बनेगा नागपुर स्टेशन

**नागपुर.**

नये साल में नागपुर रेलवे स्टेशन की एक नई तस्वीर देखने मिलेगी। विश्व स्तरीय बनने जा रहे इस स्टेशन पर नीचे से ट्रेनें दौड़ेंगी वहीं ऊपर यात्रियों को टिकट निकालने से लेकर बैठने व खाने की सुविधा उपलब्ध होगी। वर्ष 2023 में शुरू काम पर नये साल यानी दिसंबर 2025 में विराम लगेगा और शहर वासियों को नई सौगात मिलेगी।

भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसके तहत रेलवे स्टेशनों का भी पुनर्विकास किया जा रहा है और उन्हें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसी क्रम में महाराष्ट्र में स्थित नागपुर रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास किया जा रहा है। कुल 487.77 करोड़ रुपये की लागत से नागपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। पुनर्विकसित स्टेशन सभी अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें एक विशाल छत प्लाजा होगा, यात्रियों की सुविधा के लिए 28 लिफ्ट और



31 एस्केलेटर का प्रावधान किया है। इसके अलावा बेसमेंट पार्किंग, वेटिंग एरिया, सीसीटीवी की सुविधा तो होगी ही, साथ ही पूरे स्टेशन को डिसेबल्ड फ्रेंडली बनाया जाएगा।

रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन, सिटी बस और परिवहन के अन्य साधनों के लिए कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। पुनर्विकसित स्टेशन को हरित भवन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है। इसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन होगा। मुख्य कायाकल्प में प्लेटफार्म नंबर एक से 7 तक ऊपर कोनकोर्स बनाया जाएगा, जहां यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था से लेकर टिकट काउंटर आदि रहनेवाले हैं। दिसंबर महीने तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

गत 3 वर्ष से नागपुर स्टेशन से वर्धा के लिए दो नई रेल लाइन थर्ड व फोर्थ लाइन को साकार करने का काम शुरू है, जो कि इसी साल के आखिर में साकार होगी। इसके बाद यहां से मालगाड़ियों का आवागमन होने से पहली दो लाइनों पर केवल एक्सप्रेस गाड़ियों का राज रहेगा, जिससे कि, गाड़ियों की रफ्तार के साथ यात्री गाड़ियों की संख्या में इजाफा होगा।

### मेट्रो के दूसरे फेज का होगा काम

मेट्रो के दूसरे फेज का काम शुरू होगा। जिसमें 43 किमी की नई मेट्रो लाइन को साकार करने की ओर काम किया जाएगा। साथ ही 32 नये मेट्रो स्टेशनों की नींव रखी जानी है। वर्तमान में शहर में 40 किमी मेट्रो रूट का जाल बिछा है, जिन पर 38 स्टेशन हैं। अब मेट्रो केवल शहर में सीमित है। लेकिन जल्द ही इसे ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ा जानेवाला है। हालांकि इसे साकार होने में अभी 3 साल का समय है, लेकिन नये साल में कुछ टप्पे मेट्रो के ग्रामीण के और शुरू होने की उम्मीद है।

मनीष नगर में बनी रेलवे क्रासिंग को मेट्रो की ओर से अंडर ब्रीज में तब्दील करने का काम जारी है। जिसे अंतिम चरण तक पहुंचा दिया गया है। इसी साल इसका उद्घाटन तय है, जिसके बाद यहां निवासियों की एक बड़ी समस्या हल होगी।

# नववर्ष पर जाम सावली हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़

**सौंसर.**

क्षेत्र के प्रसिद्ध जाम सावली हनुमान मंदिर में नववर्ष के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। दिन की शुरुआत में विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान हनुमान की प्रतिमा का अभिषेक किया। इसके बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए।

प्रातःकाल से ही महिला-पुरुषों की लंबी कतारें दर्शन के लिए लगी रहीं। मध्य प्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र के दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचे। दर्शन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने बैरिकेट्स लगाए थे, जिससे भक्तों को आसानी से दर्शन का अवसर मिल सका। वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। मंदिर परिसर के आसपास कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए, जहां भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में व्यवस्थाओं की निगरानी पांढुरना जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल और तहसीलदार भावना मलकाम ने की। वहीं, शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डीवीएस नागर और थाना प्रभारी मर्सकोले अपने पुलिस बल के साथ तैनात रहे। सफाई और जल



व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर प्रशासन सतर्क रहा। जाम सावली हनुमान मंदिर में नववर्ष के दिन का यह आयोजन भक्तों के लिए आस्था और उत्साह का केंद्र बना रहा।